
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 19.09.2022 से 25.09.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# झींगा पालने वाले किसानों के लिए विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन

(दिनांक 19.09.2022)

**प्रभाव :** हरित क्रान्ति का सिरमौर रहा हरियाणा प्रदेश अब नील क्रान्ति को पंख लगाने की ओर अग्रसर हो गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देश में नील क्रान्ति लाने की आवश्यकता बताने के बाद केंद्र सरकार ने एक नई योजना 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' की घोषणा कर इसकी शुरुआत की है ताकि समुद्री व अन्य जल संपदाओं का देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग बढ़े। हरियाणा ने जमीनी स्तर पर नील क्रान्ति को सफल बनाने की शुरुआत सिरसा जिले से झींगा पालन के क्लस्टर प्रदर्शन फ़ार्म व प्रगतिशील झींगा किसानों की कार्यशाला के आयोजन के साथ की है। कार्यशाला में मुख्यमंत्री जी ने स्वयं सिरसा जिले के किसानों की खारे पानी से झींगा पालन व्यवसाय आरम्भ करने के लिए सराहना की है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्यमंत्री जी ने सिरसा जिले के चोरमार खेड़ा गांव में आयोजित झींगा किसानों की कार्यशाला में मत्स्य पालक किसानों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत केंद्र सरकार से आने वाली सब्सिडी में अगर देरी होती है तो वह सब्सिडी हरियाणा सरकार एडवांस में देगी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री जी ने सिरसा जिले के मछली पालकों के लिए सिरसा में ही मछलीपालन से संबंधित टेस्टिंग लैब स्थापित करने की घोषणा की है। इससे यहां के झींगा मछली पालकों को सीधे लाभ होगा। इससे पहले यहां के मछली पालक रोहतक जाकर लैब टेस्टिंग की सुविधा लेनी पड़ती थी। इसके साथ–साथ मुख्यमंत्री जी ने मछली की खरीद व बिक्री के लिए झज्जर या गुरुग्राम में से किसी एक जिले में थोक मछली मार्केट स्थापित करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि इससे किसानों को आर्थिक तरक्की में लाभ मिलेगा। सरकार किसान क्रेडिट कार्ड की तरह मछली पाल किसानों को क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध करवा रही है। इसी प्रकार मछली पालन में बीमा करने के लिए भी सरकार बैंक व बीमा कंपनियों से बातचीत कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मछली पालन में बिजली खपत एक बड़ा विषय है। फिलहाल सरकार जिन किसानों की खपत 20 किलोवाट है, उन्हें 4.75 प्रति यूनिट दर पर बिजली उपलब्ध करवा रही है। मछली पालक अपने प्लॉट पर सोलर प्लॉट भी लगा सकते हैं। इसके लिए उन्हें प्रति हार्स पावर 20 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। जो अधिकतम 2 लाख रुपये तक हो सकती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भिवानी जिले के गरवा गांव में 30 करोड़ रुपये की लागत से एक्वापार्क बनाया जाएगा। यह एक्वापार्क 25 एकड़ में होगा। इसमें मछली पालन से जुड़े नए–नए शोध, मछली पालन की नई किस्म, बीज पर शोध किया जाएगा। इससे मछली पालकों को सीधे लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से मिलने वाला लाभ अगले तीन वर्ष तक मिलेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय को दोगुनी करने के लिए नई–नई योजनाएं व प्रकल्प बना रहे हैं। उसी में से एक मछलीपालन है। साधारण किसान फसल से ज्यादा आमदनी हासिल नहीं कर सकता लेकिन पशुपालन, मछलीपालन, मशरूम उत्पादन आदि से अच्छी आमदनी ले सकता है। प्रगतिशील किसान आगे बढ़े और अन्य किसानों को भी इसमें जुड़ने के लिए प्रेरित करें।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना

(दिनांक 19.09.2022)


**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने 1 जनवरी को वर्ष 2022 को सुशासन अंत्योदय उत्थान वर्ष के रूप में मनाने का जो संकल्प लिया था, उसे केवल 9 माह में ही चरितार्थ कर दिखाया है। आज प्रदेश में अति गरीब परिवारों का आर्थिक उत्थान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा गया है। इस उद्देश्य के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना ऐसे परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री जी ने अंत्योदय उत्थान वर्ष मनाने का जब संकल्प लिया था, तो शायद ही किसी ने सोचा होगा कि उनकी दूरदर्शिता की बदौलत प्रदेश के गरीब व्यक्ति का आर्थिक उत्थान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना संभव हो सकेगा। लेकिन राज्य सरकार के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप यह संभव हो सका है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए 'सर्वजन हिताय–सर्वजन सुखाय' को चरितार्थ करना है। हम पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ जनकल्याण से जुड़ी सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने की मुहिम में और अधिक तीव्रता लाएंगे। श्अन्त्योदयश् के आदर्श पर चलते हुए हरियाणा सरकार प्रदेश में उन परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त कर रही है जो किन्हीं कारणों से पिछड़े रह गए। सभी वर्गों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का मुख्य उद्देश्य पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान करना है। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने दो तरफा दृष्टिकोण अपनाया। पहला, पविवार पहचान पत्र फ्लैगशिप योजना के तहत आय सत्यापन के माध्यम से प्रदेश के वास्तविक जरूरतमंद परिवारों

की पहचान की गई। इसके बाद इन परिवारों के गरीबी उन्मूलन और वित्तीय समावेशन को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना आरंभ की गई। इसके तहत ऐसे परिवार जिनकी सालाना आय 1 लाख रुपये से कम है, उनकी आय को बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये करने के प्रयास किए गए हैं।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत प्रदेशभर में तीन चरणों में 7 सितंबर तक 861 अंत्योदय ग्राम उत्थान मेलों का आयोजन किया गया। मेले के लिए चिन्हित एवं आमंत्रित किए गए 3,35,344 लाभार्थियों में से 1,36,130 उपस्थित हुए और विभिन्न ऋण आधारित योजनाओं, कौशल विकास प्रशिक्षण और रोजगार सृजन योजनाओं के तहत 76,454 लाभार्थियों के आवेदन सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत किए गए । तत्पश्चात 32,743 हितग्राहियों के ऋण स्वीकृत किए गए , जिनमें से 14,000 का ऋण वितरण भी



किया जा चुका है। 436 लाभार्थियों को निजी रोज़गार से जोड़ा गया और 1185 लाभार्थियों को कौशल विकास प्रदान किया गया है

सभी लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का इस अनूठी योजना के लिए आभार व्यक्त किया है कि पहली बार किसी सरकार ने वास्तव में गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति की चिंता की है और उनके उत्थान के लिए निरंतर नई नई योजनाएं बना रही है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पूर्व उप–प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल जी की 109वीं जयंती

(दिनांक 19.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने पूर्व उप–प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 109वीं जयंती पर नमन करते हुए कहा कि वे सही मायने में किसान, मजदूर हितैषी राजनेता थे, आधुनिक हरियाणा के निर्माण में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होनें कहा कि जहां उन्होंने बुजुर्गों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना लागू कर बुजुर्गों का सम्मान बढ़ाया वहीं प्रशासन को जवाबदेही बनाने के लिए सरकार आपके द्वार जैसा कार्यक्रम शुरू किया। वे राजनीति को जन सेवा का माध्यम मानते थे। आज हर राजनेता को उनके सिद्धांतों पर चलते हुए राजनीति करनी चाहिए। यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## नक्सली हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ जवान नूर हुसैन को श्रद्धांजलि

(दिनांक 20.09.2022)

**प्रभाव :** छत्तीसगढ़ में नक्सली हमले के दौरान शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के जवान श्री नूर हुसैन को मुख्यमंत्री जी ने श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमले में शहीद हुए यमुनानगर के गांव कल्याणपुर के सीआरपीएफ जवान नूर हुसैन जी को विनम्र श्रद्धांजलि। प्रभु उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें। दु:ख की इस घड़ी में मेरी शोक संवेदना उनके परिजनों के साथ हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हरियाणा में पर्यटन की संभावनाओं की समीक्षा

(दिनांक 20.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छूएगा। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है और कुछ का कार्य पूरा होने वाला है। पर्यटन के क्षेत्र में ये विकास कार्य हरियाणा की तरफ देश और विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गीता स्थली कुरुक्षेत्र आस्था और पर्यटन का संगम है। पिछले दिनों पवित्र तीर्थ ज्योतिसर में भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप की मूर्ति का अनावरण किया गया था। अब जल्द ही यहां पर थ्री–डी प्रोजेक्शन मैपिंग शो भी देखने को मिलेगा। इसका लगभग कार्य पूरा हो चुका है। आने वाले दिनों में इस शो का उद्‌घाटन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाभारत और श्रीमद्‌भागवत गीता से जुड़े प्रसंगों को दिखाया जाएगा। इसके लिए अत्याधुनिक तकनीक जैसे ऑगमेंटेड रियलिटी, होलोग्राफिक इमेज, रोबोटिक और ड्रोन आदि का इस्तेमाल किया जाएगा।





# साप्ताहिक सूचना पत्र

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ज्योतिसर तीर्थ पर पहले भी 2019 से एक लाइट एंड साउंड शो चल रहा है। इसके अतिरिक्त सरकार ने ज्योतिसर तीर्थ का परिक्रमा पथ भी बनवाया है। तीर्थ पर लाइटिंग का कार्य किया गया है और प्राचीन वट वृक्ष की सुरक्षा के लिए दीवार भी तैयार करवाई गई है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कुरुक्षेत्र अध्यात्मिक का केंद्र है, सरकार इसके विकास पर तत्परता से कार्य कर रही है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यमुनानगर में स्थित आदिबद्री तीर्थ से जुड़े 52 करोड़ के एक प्रोजेक्ट को केंद्र सरकार के पर्यटन विभाग को भेजा गया है। अगले कुछ दिनों में केंद्र सरकार की एक टीम मूल्यांकन के लिए आदिबद्री पहुंचेगी। इसके अलावा बहादुर सिखों की राजधानी लोहगढ़ में किले के जीर्णोद्धार के लिए परियोजना बनाई गई है। इस पर भी कार्य चल रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि फरीदबाद के सुरजकुंड में 1 अतिरिक्त मेला लगाने पर सरकार विचार कर रही है। इस संबंध में हरियाणा सरकार ने केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय से बातचीत की है। जल्द सूरजकुंड में 1 अतिरिक्त मेला लगाने का कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पिंजौर में स्थित यादवेंद्र गार्डन पूर्व युग के कुछ शेष गार्डन में से एक है। इसके जीर्णोद्धार के लिए आगा खान फाउंडेशन के साथ समझौता किया गया है। जल्द ही ज्यूरिक से एक टीम हरियाणा पहुंच रही है। उनके साथ बैठक करके इस संबंध में फैसला लिया जाएगा। मोरनी और टिकरताल आदि को ध्यान में रखते हुए होम स्टे पॉलिसी बना दी गई है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन को बढावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। पर्यटन से जुड़े जितने भी प्रोजेक्ट चल रहे हैं, इस संबंध में विभाग को उन्हें पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। समय–समय पर इनका मूल्यांकन भी किया जा रहा है।

# गौ माताओं को लम्पी बीमारी से बचाने के लिए वैक्शीनेशन अभियान

(दिनांक 21.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने बताया कि प्रदेश के 17 लाख 35 हजार गौवंश पशुधन का लम्पी वैक्शीनेशन पूरा किया जा चुका है। हरियाणा ने दूसरे राज्यों की अपेक्षा तेजी से इस वैक्शीनेशन कार्य को पूरा किया है। इस वजह से अब प्रदेश में लम्पी स्किन बीमारी से प्रभावित पशुओं की संख्या में भी एकदम कमी आई है। गौरतलब है कि अब वही गौवंश पशुधन वैक्शीनेशन से बचा है जिनकी आयु चार महीने से कम है या इस लम्पी बीमारी से प्रभावित है क्योंकि इन दोनों ही स्थिति में पशु का वैक्सीनेशन नहीं किया जा सकता।

मुख्यमंत्री जी ने बीमारी की शुरूआत में ही लम्पी स्किन बीमारी से बचने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे। उन्होंने स्वंय हर दिन बीमारी से जुड़े आंकड़ों का अध्ययन किया और पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाकर रखी। उनके निर्देश पर मुख्य सचिव ने 9 जिला अधिकारियों को निर्देश दिए और प्रदेश में इस बीमारी पर काबू पाया गया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में लम्पी बीमारी की रोकथाम के लिए जो भी आवश्यक कदम उठाये जाने थे उन्हें सख्ती से लागू किया गया जिसमें मुख्यत: जैसे प्रदेश में धारा–144 लागू करना, मक्खियों व मच्छरों की रोकथाम के लिए सभी गऊशालाओं में फॉगिंग करवाना, मृत हो चुके पशुओं को जिला प्रशासन द्वारा गड्ढे खोदकर दफनाया जाना, हर जिले को वैक्शीन खरीदने के लिए 7–7 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि उपलब्ध करवाना व संक्रमित गौवंश का जल्द से जल्द टीकाकरण करवाना शामिल हैं

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## खरीफ फसलों की खरीद 1 अक्टूबर से

(दिनांक 22.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने कहा कि एक अक्टूबर से शुरू होने वाली खरीफ फसलों की खरीद के दौरान प्रदेश के किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। फसलों की सुगम खरीद सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। विपणन सत्र 2022–23 के दौरान धान, बाजरा, मक्का, मूंग, सूरजमुखी, मूंगफली, तिल, अरहर और उड़द आदि फसलों की खरीद की जाएगी। इसके लिए मंडियों की पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में खरीद से जुड़े सभी प्रबंध सुनिश्चित किये जाए, ताकि फसल बेचने आने वाले किसानों को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। फसलों की समयबद्ध तरीके से खरीद, उसकी स्टोरेज तथा मंडियों में बारदाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।






मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मेरी फसल – मेरा ब्योरा पोर्टल को पुनः 3 दिनों 22 सितंबर से 24 सितंबर तक पंजीकरण के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने किसानों से कहा कि जिन्होंने अभी तक अपना पंजीकरण नहीं करवाया है, वे इन 3 दिनों में अपना पंजीकरण करवा लें।

मुख्यमंत्री जी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 2 दिन के भीतर ई–गिरदावरी के डाटा के सत्यापन में जो त्रुटियां हैं, उसे कृषि विभाग, हरसैक के डाटा के साथ मिलान कर उस डाटा को जिला उपायुक्त के माध्यम से सीआरओ को भिजवाना सुनिश्चित करें। साथ ही सीआरओ को भी निर्देश दिया जाए कि वह अगले 3 दिनों में इस डाटा को ठीक करके उसे पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मंडियों में पहले की भांति हेल्प डेस्क भी स्थापित होगा ताकि किसी भी किसान को कोई दिक्कत न आए। इस हेल्प डेस्क पर मार्केटिंग बोर्ड, कृषि व संबंधित विभाग के अधिकारी तैनात होंगे। हेल्प डेस्क पर किसानों की शिकायतों का भी निवारण किया जाएगा।

# अमर शहीद राव तुलाराम जी की शहादत को नमन

(दिनांक 23.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस पर मातृभूमि की रक्षा करने वाले वीर योद्धाओं और अमर शहीद राव तुलाराम जी की शहादत को नमन किया। मुख्यमंत्री जी ने अमर शहीद राव तुलाराम को देश के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम और आजादी के आंदोलन में महत्ती भूमिका निभाने वाले वीर सपूत एवं महान स्वतन्त्रता सेनानी हमारे देश की अमूल्य धरोहर हैं। हिन्दुस्तान की आजादी के लिए अंग्रेजी हुकुमत को उखाड़ने में राव तुलाराम की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। ऐसे महान सपूत को शत्–शत् नमन एवं वन्दन है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश की संप्रभुता एवं अखंडता की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले हमारे वीर जवान देश की आन–बान–शान हैं। पूरा देश आज आजादी का अमृत महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ भी मना रहा है और यह महोत्सव हमारे वीर सपूतों व शहीदों के गौरवमयी इतिहास को याद करते हुए हमारे युवाओं में देशभक्ति की भावना का संचार करने का एक माध्यम बनेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अमर शहीद राव तुलाराम हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश का गौरव है। ऐसी महान विभूतियों के दिखाए मार्ग पर चलकर सरकार निरन्तर विकास व जनसेवा को समर्पित है। हम अपने वीर जवानों के सदैव ऋणी हैं, जो सरहदों की रक्षा के लिए तत्पर खड़े हैं और उनकी बदौलत आज हम सुरक्षित हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हरियाणा लोक सेवा आयोग के दो नए सदस्यों का शपथग्रहण

(दिनांक 23.09.2022)

**प्रभाव :** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय जी ने आज राजभवन में हरियाणा लोक सेवा आयोग के दो नए सदस्यों श्रीमती ज्योति बैंदा और श्री राजेन्द्र कुमार को पद की निष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी भी उपस्थित रहे।



श्रीमती ज्योति बैंदा 2004 से 2016 तक



शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी रही और 2016 से 2022 तक हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन रही है। श्री राजेन्द्र कुमार का शिक्षा के क्षेत्र में 28 वर्ष का लंबा अनुभव रहा। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग में अर्थशास्त्र के प्राध्यापक के रूप में काम किया और 2022 में प्रिंसिपल के पद से सेवानिवृत्त हुए।

# प्रदेश के गुरुद्वारों से आए प्रतिनिधियों से मुलाकात

(दिनांक 23.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा निवास में प्रदेशभर के मुख्य गुरूद्वारों से आए प्रतिनिधियों से मुलाकात की तथा उनको संबोधित करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के सिखों की भावनाओं का ख्याल रखते प्रदेश के लिए अलग से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के गठन के हक में जो निर्णय सुनाया है, वह राज्य के सिखों की वैचारिक फतेह है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार ने सिखों की भावनाओं की कद्र करते हुए सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा में अलग से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के गठन के केस की अच्छे से पैरवी की। उन्होंने कहा कि जब पटना साहिब व दिल्ली राज्य की अलग से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बन सकती हैं तो हरियाणा की क्यों नहीं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के गुरुद्वारों का भी



इतिहास रहा है, हमारे कई सिख गुरु इन ऐतिहासिक गुरुद्वारों में कभी न कभी अवश्य आएं हैं और समाज को जागरुक किया है।

उन्होंने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है पूरा सिख समाज एकता व भाईचारे की भावना से एकजुट होकर चलेगा और समाज हित में बेहतरीन कार्य करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार की ओर से सिख समाज को उनकी उम्मीद के अनुसार पूरा सहयोग मिलेगा, सभी मिलकर समाज का भला करेंगे।

# नाडा साहिब गुरुद्वारा में जाकर लिया आशीर्वाद

(दिनांक 24.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला स्थित ऐतिहासिक नाडा साहिब गुरुद्वारा में शीश नवाने और गुरु साहिब का आशीर्वाद लेने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा के लिये अलग सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के गठन के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर हरियाणा के सिख समुदाय के लोगों को बधाई एवं शुभकामनायें। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के बाद अब हरियाणा के सभी 52 गुरुद्वारा साहिब हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की देखरेख में समाज सेवा का कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा के लिये अलग गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का





मामला पिछले काफी लंबे समय से सुप्रीम कोर्ट में लंबित था। लगभग 8 साल बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पक्ष में फैसला सुनाया है, जिससे प्रदेश के सभी 52 गुरुद्वारा साहिब इस कमेटी की देखरेख में चलेंगे और समाज की सेवा के काम सुचारु ढंग से चलाये जा सकेंगे। उन्होंने हरियाणा के सिख समुदाय से अपील करते हुये कहा कि वे सब अंतर्विरोध खत्म कर मिल जुलकर समाज सेवा का कार्य करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश में सभी गुरुद्वारों की एक टीम बनाई जायेगी, जिसके अनुसार गुरुद्वारे एक व्यवस्थित रूप से कार्य करेंगे।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अमर उजाला मेधावी छात्र सम्मान समारोह

(दिनांक 25.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में उत उजाला अख़बार की और से आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होने छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और छात्रवृत्ति वितरित की। उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि छात्र जीवन में पढ़ने के लिए मिली छोटी सी मदद भी बहुत बड़ी होती है। उसी की बदौलत वो स्वयं आज इस मुकाम तक पहुंचे है। यह हमारा दायित्व है कि हम समाज को वो लौटाए जो हमें मिला है। और जितने लोगों की शिक्षा में मदद कर सकते हों करें।

इसके साथ ही कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में जल्द 18 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसमें 11 हजार रेगुलर शिक्षक और 7 हजार शिक्षकों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भर्ती किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा के नाते विद्यार्थियों की पूरी चिंता करती है। मुख्यमंत्री रविवार को रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राधाकृष्णा



सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्कूली शिक्षा अच्छी हो, इसके लिए हरियाणा सरकार लगातार कार्य कर रही है। 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्रों को 5 लाख टैबलेट दिए जा चुके हैं वहीं ढाई लाख टैबलेट जल्द ही विद्यार्थियों को दिए जाएंगे। ऐसा करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। अब दूसरे राज्य ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग सरकार के इस कदम से प्रभावित हो रहे हैं और वह भी इस तरह की योजनाएं बना रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार एक अभियान की तरह स्कूलों में स्मार्ट क्लासरुम, ड्यूअल डेस्क, स्कूलों की बिल्डिंग, स्कूलों के रास्ते और साफ शौचालय की व्यवस्था करने के लिए कार्य कर रही है। इसके लिए सरकार द्वारा प्रथम चरण में हर जिले के दो ब्लॉक का चयन करके कार्य किया जा रहा है, इनका कार्य पूरा हो जाने के बाद अन्य ब्लॉक का कार्य शुरू किया जाएगा। इसमें सबसे मुख्य बात यह है कि स्कूलों में यह कार्य वहीं की स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) द्वारा ही करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शिक्षकों के लिए ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी बनाई है, जिससे कोई भी शिक्षक अपनी वरिष्ठता के हिसाब से ट्रांसफर ले सकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार ने 4 हजार आंगनवाड़ी को प्ले–वे स्कूल में बदलने का काम किया है, ताकि खेल–खेल के माध्यम से बच्चे शिक्षा ले सकें। इसके अतिरिक्त कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए 500 मॉडल क्रैच खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने विद्यार्थियों के लिए सुपर–100 कार्यक्रम की भी शुरूआत की है। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश में 4 स्कूल हैं, जिनमें से 2 स्कूल शुरू हो चुके हैं और 2 इस वर्ष शुरू हो जाएंगे। सुपर–100 कार्यक्रम के तहत खुले 2 स्कूलों के नतीजे भी आने शुरू हो गए हैं, इनसे पास होने वाले छात्र नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अव्वल आ रहे हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरु श्री सुदर्शन जन्म शताब्दी वर्ष महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 25.09.2022)




**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने आज रोहतक में अयोजित श्री सुदर्शन जी के जन्म शताब्दी महोत्सव में पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि अप्रैल 2023 तक गुरु सुदर्शन जी महाराज का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। हरियाणा सरकार संत महापुरुषों के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए संत महापुरुष विचार प्रसार योजना चला रही है। इस योजना के अंतर्गत गुरु सुदर्शन जी महाराज की याद में उनके जन्म शताब्दी वर्ष में सरकार द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जन समर्थन द्वारा उठाई गई मांग को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री जी ने रोहतक में माता दरवाजा चौक से बाबरा चौक तक के मार्ग का नाम गुरु सुदर्शन जी महाराज के नाम पर रखे जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि गुरु सुदर्शन जी महाराज ने समाज को सहीं दिशा दिखाने का काम किया था। उनके विचारों को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में डालने पर भी विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गुरु सुदर्शन जी महाराज की शिक्षा पर विचार करने का समय है। उन्होंने इस कार्यक्रम में पहुंचे संतजनों का आभार भी व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि संतों की वाणी

शासन करने वाले व्यक्ति का मार्गदर्शन करती है। आज उन्हीं संतों की वाणी, उनके विचारों, संस्कृति को याद करने का समय है। उन्होंने कहा कि संतों के विचारों का ज्यादा से ज्यादा प्रसार हो, इसके लिए सरकार निरंतर कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस कड़ी में गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व, गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व, गुरु तेग बहादुर जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। इसके अतिरिक्त महर्षि वाल्मीकि जयंती, संत कबीर जयंती, गुरु रविदास जयंती पर भी सरकार द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



मुख्यमंत्री जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज को सुखी बनाने और असहाय की मदद करने का संदेश दिया। उन्होंने हमेशा पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति की मदद और अंत्योदय के सिद्धांत को आगे बढ़ाया। हरियाणा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के मार्ग पर चल रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि संत–महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलना जरुरी है। अच्छाई और बुराई दोनों साथ–साथ चलती हैं। संतों की वाणी के माध्यम से अच्छाई की डोर लंबी हो सकती है। उन्होंने कहा कि हमारे मन के संस्कार तभी बदलते हैं जब हम संत–महापुरुषों के सानिध्य में जाते हैं और उनके प्रवचन सुनकर जीवन में धारण करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें जीवन को अच्छा बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

# चण्डीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर होगा

(दिनांक 25.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने चण्डीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने की घोषणा करने पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जी ने आज 'मन की बात' कार्यक्रम में चण्डीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने की बात कही है। देशभर में मनाए जा रहे आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री की यह घोषणा शहीद–ए–आजम भगत सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 28 सितम्बर को शहीद भगत सिंह का जन्म दिवस भी है और उनके जन्मदिवस से पहले उनके नाम पर चण्डीगढ़ एयरपोर्ट का नाम रखा जाना गर्व की बात है और यह उनको सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। युवा पीढ़ी को भी शहीद भगत सिंह के बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए।

